आज
Facebook Page
Aj Hindi Daily News Paper
Online Edition
ajhindidaily.com

आज

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय

★★

नगर संस्करण पृष्ठ १२ मूल्य ₹ ३

आगरा, १४ सितम्बर गुरुवार २०१७ वर्ष ३० अंक २५२ सौर २९ भाद्रपद सं. २०७४ वि.

वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में कांग्रेस ने दिया भाजपा को झटका

डीयू की हार से भाजपा सदमे में

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पदों पर एनएसयूआई का कब्जा, संयुक्त सचिव और सचिव जैसे-तैसे बचा पाई एबीवीपी

नयी दिल्ली, १३ सितम्बर। देश की नामीगिरामी यूनीवर्सिटी दिल्ली विवि. में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद हारने के बाद समूची बीजेपी सदमे में है। अभी कुछ दिन पहले जेएनयू में करारी हार के बाद पार्टी भी उबर भी नहीं पायी थी आज फिर उसको एक सदमा एनएसयूआई की जीत से मिल गया है। टीवी चैनलों पर प्रवक्ता मुंह छिपाये घूम रहे हैं उनके पास कोई जबाव नहीं है। पूरी ताकत झोंक देने के बावजूद दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में भाजपा की छात्र इकाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) को कांग्रेस से झटका मिला है। छात्र संघ के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के उम्मीदवारों का कब्जा हो गया है,

जबकि संयुक्त सचिव और सचिव के पदों पर एबीवीपी को विजय मिली है।

मालूम हो कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में अपने-अपने छात्र संघों की जीत के लिये भाजपा और कांग्रेस ने धुआंधार प्रचार किया था। चारों सीटों पर कब्जे के लिये भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी थी। लेकिन आज जब चुनाव परिणाम सामने आये तो अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के उम्मीदवार जीत गये।

गौरतलब है कि कांग्रेस की यह जीत इस नजरिये से विशेष महत्व रखती है कि पिछले तीन-चार वर्षों से दिल्ली विश्वविद्यालय चुनाव में उसे लगातार हार का सामना करना पड़ रहा था और एबीवीपी के उम्मीदवार जीत जाते थे। लेकिन कांग्रेस की मेहनत रंग लायी और उसके अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रॉकी ने एबीवीपी उम्मीदवार रजत चौधरी को १५९० मतों से पराजित कर दिया। रॉकी को कुल १६२९९ मत मिले, जबकि रजत चौधरी को सिर्फ १४७०९ मत हासिल हुये।

(शेष पृष्ठ ३ पर)

रोहिंग्या मुसलमानों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन, नारेबाजी

नई दिल्ली, १३ सितम्बर। म्यांमार में रोहिंग्या मुसलमानों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ बुधवार को हजारों की संख्या में मुसलमान समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया। दिल्ली स्थित म्यांमार दूतावास के बाह प्रदर्शन कर रहे लोगों ने म्यांमार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शन में शामिल लोगों ने रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए म्यांमार सरकार पर भारत सरकार से कूटनीतिक दबाव बनाने का भी आह्वान भी किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया और विरोध में बैनर लहराए। म्यांमार की बहुसंख्यक आबादी बौद्ध है। म्यांमार में एक अनुमान के मुताबिक 10 लाख रोहिंग्या मुसलमान हैं। इन मुसलमानों के बारे में कहा जाता है कि वे मुख्य रूप से अवैध बांग्लादेशी प्रवासी हैं। सरकार ने इन्हें नागरिकता देने से इन्कार कर दिया है।

ब्रिटेन में दाऊद की 42 हजार करोड़ की संपत्ति जब्त

लंदन, १३ सितम्बर। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के खिलाफ ब्रिटेन में बड़ा एक्शन लिया गया है। ब्रिटेन में दाऊद इब्राहिम की करोड़ों की संपत्ति जब्त कर ली गयी है।

एक ब्रिटिश अखबार ने दाऊद की संपत्ति जब्त होने का दावा किया है। यहां दाऊद के पास होटल और कई घर मौजूद हैं। जिनकी कीमत हजारों करोड़ है। जब्त की गयी संपत्ति की कीमत 42 हजार करोड़ बतायी जा रही है। ब्रिटेन के एक अखबार ने ये खबर लिखी है। जिसमें बताया गया है कि दाऊद इब्राहीम दुनिया का दूसरा सबसे अमीर क्रिमिनल है। इससे पहले यूएई मे करीब पंद्रह हजार करोड की प्रापर्टीज पर वहां की सरकार ने शिकंजा कसा था।ब्रिटेन के वार्विकशायर में दाऊद के होटल हैं। जबकि मिडलैंड में दाऊद की कई रिहायशी प्रोपर्टी हैं। पिछले महीने ही यूके ट्रेजरी विभाग ने एक लिस्ट जारी की थी, जिसमें दाऊद के पाकिस्तान में तीन ठिकानों को जिक्र किया गया था। लंदन की प्रॉपर्टीज में सेंट जॉन वुड रोड, होर्नचर्च, एसेक्स, रिचमोंड रोड, टॉम्सवुड रोड, चिगवेल, रो हैम्पटन हाई स्ट्रीट, लंदन, लांसलोट रोड, थार्टन रोड, स्पाइटल स्ट्रीट, डार्टफर के बड़े-बडे रिहयाशी कॉम्पलैक्स और कामर्शियल बिल्डिंग्स शामिल हैं।

दाऊद की संपत्ति जब्त करने की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई और लंदन यात्रा के दौरान शुरू हुई। दाऊद इब्राहिम को ग्लोबल टेरेरिस्ट घोषित करने के साथ ही उसके दुनिया भर में फैले तमाम बिजनेस और प्रॉपर्टी को जब्त करने का काम किया जा रहा है। भारत सरकार ने कई देशों को दाऊद की संपत्तियों के बारे में पुख्ता जानकारियां दी हैं। जिसके बाद दाऊद को नेस्तनाबूद करने के लिए संबधित सरकारें कार्यवाही कर रही हैं।

यूके ट्रेजरी विभाग की रिपोर्ट में ये भी बताया गया था कि ब्रिटेन में दाऊद ने 21 फर्जी नामों से संपत्ति ले रखी है। ब्रिटेन में दाऊद ने 21 फर्जी नामों से संपत्ति ले रखी है। उसके 21 नामों में अब्दुल शेख इस्माईल, अब्दुल अजीज, अब्दुल हमीद, अब्दुल रहमान, शेख मोहम्मद इस्माईल, अनीस इब्राहिम, शेख मोहम्मद भाई, बड़ा भाई, दाऊद भाई, इकबाल, दिलीप, अजीज इब्राहिम, दाऊद फारूकी, अनीस इब्राहिम, हसन शेख, दौद हसन, शेख इब्राहिम कासकर, दाऊद हसन, इब्राहिम मेमन, साबरी दाऊद, साहब हाजी और सेठ बड़ा शामिल हैं।

मुझे कोई नहीं झुका सकता, जारी रहेगी सिद्धांतों की लड़ाई-शरद

●लालू के साथ महागठबंधन के लिये आतुर थे नीतीश, मुलायम के दबाव में लालू ने किया गठबंधन

नयी दिल्ली, १३ सितम्बर। जद यू के बागी नेता शरद यादव ने सिद्धांतों की लड़ाई को आगे बढ़ाने के संकल्प का इजहार करते हुये कहा है कि उन्हें कोई झुका नहीं सकता। इसके साथ ही शरद ने बिहार के मुख्यमंत्री व जद-यू अध्यक्ष नीतीश कुमार पर बड़ा खुलासा करते हुये कहा है कि राज्य में लालू प्रसाद के साथ महागठबंधन के लिये खुद नीतीश कुमार ही आतुर थे और लालू को मनाने के लिये सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव से दबाव बनवाया था।

आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुये शरद यादव ने कहा कि उन्होंने हमेशा ही सिद्धांतों की लड़ाई लड़ी है और आगे भी इसे जारी रखेंगे। उन्होंने चुनौती भरे अंदाज में कहा कि भ्रष्टाचार और शुचिता के सवाल पर कोई उन्हें पाठ नहीं पढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि इन्हीं मुद्दों पर वह दो बार लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं।

शरद ने कहा कि बिहार में महागठबंधन के लिये राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव तैयार नहीं थे, बल्कि नीतीश कुमार ही आतुर थे। नीतीश बार-बार उनके पास जाते थे। शरद ने कहा कि मैं और मुलायम सिंह यादव साथ गये थे और काफी विचार विमर्श के बाद मुलायम के दबाव में लालू महागठबंधन के लिये तैयार हो गये। उन्होंने कहा कि कई मामलों में सजायाफ्ता और दागी लालू प्रसाद यादव के साथ गठबंधन करने वाले नीतीश ने उस वक्त शुचिता का ध्यान क्यों नहीं रखा था। तेजस्वी पर बस आरोप लगने के बाद ही वह इस्तीफा मागने लगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता वोट की मालिक है और जनता से वोट लेते समय नीतीश ने लालू यादव के साथ मिलकर वोट मांगा था तथा जीतने के बाद इसे नकार दिया।

अपनी राज्यसभा की सदस्यता पर मंडरा रहे खतरे के बारे में शरद यादव ने कहा कि उन्हें सदस्यता जाने की चिंता नहीं है। वह पहले ही सोच लिये हैं कि पहाड़ से टकरा रहे हैं तो फिर चोट की क्या चिंता है। उन्हें इसका अंदाजा पहले से ही था। उन्होंने कहाकि लड़ाई पद की नहीं सिद्धांत और संविधान बचाने की है। अपने रुख पर कायम रहने का दावा करते

हुये शरद ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा खारिज किये गये पार्टी पर उनके दावे को कानूनी टीम देख रही है। फिलहाल वह इसपर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। राज्यसभा की सदस्यता पर मिले नोटिस के बारे में यादव ने कहा कि वह इसका माकूल जवाब देंगे।

शपथपत्र मामले में तेज प्रताप के खिलाफ मुकदमा

पटना, १३ सितम्बर। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तेज प्रताप यादव द्वारा औरंगाबाद में 53 लाख 34 हजार में खरीदी गयी 45.24 डिसमिल जमीन का विवरण 2015 में चुनाव आयोग को दिये गये शपथपत्र में छिपाने और जनता को धोखा देने के आरोप में भाजपा के विधान पार्षद सूरजनंदन प्रसाद ने लगाया है। साथ ही उन्होंने पटना के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में मुकदमा संख्या 3838(सी)/2017 दर्ज करा कर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-125 (ए) और आईपीसी की धारा-193 के अंतर्गत संज्ञान लेने और राजद विधायक के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर कोर्ट में उपस्थित कराने व सुनवाई प्रारंभ कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने का निवेदन किया है। इस मामले में भाजपा विधायक अरुण कुमार सिन्हा और सुमन कुमार झा गवाह हैं।

(शेष पृष्ठ ३ पर)

होटल-रेस्टोरेंट पर सर्विस चार्ज को लेकर होगी सख्ती

नई दिल्ली, १३ सितम्बर। उपभोक्ता मंत्रालय ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को निर्देश दिये हैं कि सर्विस चार्ज से होने वाली आय को टैक्स के दायरे में लाया जाए। मंगलवार को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने कहा है कि दिग्गज होटल और रेस्टोरेंट्स ने दिशा निदेर्शों को संकलित कर लिए हैं फिर भी ग्राहकों की ओर से नेशनल कंज्यूमर हैल्पलाइन (एनसीएच) के जरिए सर्विस चार्ज को लेकर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। होटल और रेस्टोरेंट्स को कहा गया है कि वे बिल में सर्विस चार्ज का कॉलम या तो खाली छोड़ दें या फिर उल्लेख करें कि सर्विस चार्ज स्वैच्छिक है। यह बात उन्होंने अपने ट्वीट में कही है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के निर्देश के बावजूद रेस्टोरेंट मालिक अपनी मनमानी कर रहे हैं। इस कारण आए दिन ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि समस्या कि गंभीरता को देखते हुए उपभोक्ता मंत्रालय ने सीबीडीटी को सर्विस चार्ज को टैक्स असेसमेंट में शामिल करने के लिए विचार करने को कहा है। मसलन, सर्विस चार्ज से होने वाली आय टैक्स के दायरे में आ सकती है।

पासवान ने अधिकारियों को एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने वाले व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। पासवान ने अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) से अधिक मूल्य पर सामान बेचने तथा जबरन सर्विस चार्ज वसूलने के मामलों के बारे में सरकार को सूचित करने के साथ-साथ जनता को जागरूक बनाने के लिए उपभोक्ता संगठनों का आह्वान किया है। पासवान ने इस संबंध कई ट्वीट किए हैं।

100 रुपये का सिक्का, क्या है खासियत

नई दिल्ली, १३ सितम्बर। तमिलनाडु के दिवंगत मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन की जन्मशती के अवसर पर सरकार 100 रुपये और पांच रुपये का सिक्का जारी करेगी। सौ रुपये का सिक्का 44 मिलीमीटर का होगा। इसका वजन 35 ग्राम होगा। इसके अगले भाग पर अशोक स्तंभ बना होगा जिसके नीचे सत्यमेव जयते लिखा होगा। अशोक स्तंभ के एक ओर भारत और एक ओर इंडिया लिखा होगा। सिक्के के पिछले भाग पर एमजी रामचंद्रन का फोटो होगा। फोटो के नीचे 1917-2017 लिखा होगा। सौ रुपये का सिक्का चार धातुओं को मिलाकर बनेगा। इसमें चांदी 50 फीसद, तांबा 40 फीसद, निकल पांच फीसद और जस्ता पांच फीसद होगा। वहीं पांच रुपये का सिक्का 23 मिलीमीटर का होगा। इसका वजन छह ग्राम होगा। इसके अगले भाग पर अशोक स्तंभ बना होगा जिसके नीचे सत्यमेव जयते लिखा होगा। अशोक स्तंभ के एक ओर भारत और एक ओर इंडिया लिखा होगा। सिक्के के पिछले भाग पर एमजी रामचंद्रन का फोटो और इसके नीचे 1917-2017 लिखा होगा। यह तांबा (75 फीसद), जस्ता (20 फीसद) और निकल (पांच फीसद) से बना होगा।

अब रेलवे में पहचानपत्र के रूप में मान्य होगा एम आधार

नयी दिल्ली, १३ सितम्बर। रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान सहूलियत देने के लिये रेल मंत्रालय ने अब पहचान पत्र के रूप में एम-आधार को बतौर सबूत दिखाने की इजाजत दे दी है। एम आधार एक एप है, जिसे हाल ही में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने जारी किया था। रेल मंत्रालय ने बताया है कि एम आधार को किसी भी आरक्षित कोच में यात्रा के दौरान पहचान के प्रमाण के रूप में दिखाये जाने की अनुमति देने का फैसला किया गया है। एम आधार एक मोबाइल एप है, जिसे यूआईडीएआई की तरफ से जारी किया गया है। (शेष पृष्ठ ३ पर)

विदेशों में बने पटाखों को रखना और बेचना गैरकानूनी-केंद्र

पकड़े जाने पर कानून के तहत की जायेगी दंडनीय कार्रवाई

नयी दिल्ली, १३ सितम्बर। केंद्र सरकार ने कहा है कि विदेशों में बने पटाखों को रखना और बेचना पूरी तरह गैर कानूनी है। अगर किसी कारोबारी को ऐसा करते पाया गया तो उसके खिलाफ कानून के तहत दंडनीय कार्रवाई की जायेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया है कि औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग को झूठी घोषणा के अंतर्गत विदेश में बने पटाखों के अवैध आयात के बारे में कई शिकायतें मिली हैं। मंत्रालय के मुताबिक विभिन्न पटाखा निर्माता संगठनों ने समय-समय पर इस विषय को उठाया है और सूचित किया है कि तस्करी से आयी सामग्रियों में रसायन पोटैशियम क्लोरेट होता है, यह खतरनाक और जोखिम भरा रसायन है, जो अचानक जल सकता है या विस्फोट कर सकता है।

मंत्रालय ने कहा है कि १९९२ की अधिसूचना के अनुसार देश में सल्फर युक्त या किसी क्लोरेट के साथ मिश्रित सलफेट को बनाने, रखने अथवा उपयोग करने आदि पर प्रतिबंध है। विदेश व्यापार महानिदेशाल ने भी पटाखों के आयात पर प्रतिबंध लगा रखा है। सरकार ने बताया है कि अभी तक किसी को भी पटाखों के आयात के लिये कोई लाइसेंस जारी नहीं किया गया है। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि विदेशों में बने पटाखों को रखना और बेचना अवैध है तथा कानून के अंतर्गत दंडनीय है। ऐसे पटाखों रखने या बेचने के मामले में कोई भी सूचना उचित कार्रवाई के लिये नजदीक के थाने में रिपोर्ट करायी जा सकती है।

आज लखनऊ पहुंचेंगे राष्ट्रपति

नयी दिल्ली, १३ सितम्बर। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अपने गृहराज्य उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरा गुरुवार को लखनऊ पहुंचेंगे। राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश जा रहे कोविंद गृह नगर कानपुर में १५ सितम्बर को स्वच्छता अभियान की शुरुआत भी करेंगे। राष्ट्रपति भवन सचिवालय ने उनके दौरे के बारे में जानकारी देते हुये बताया है कि १४ और १५ सितम्बर को राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश में रहेंगे। लखनऊ में राष्ट्रपति का नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। लखनऊ प्रवास के दौरान राष्ट्रपति राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। (शेष पृष्ठ ३ पर)

नाबालिग दुष्कर्मः नवजात से मैच नहीं हुआ आरोपी का डीएनए

चंडीगढ़, १३ सितम्बर। दस वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के मामले में नया मोड़ आ गया है। पुलिस की तरफ कोर्ट में सौंपी रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़िता के नवजात का डीएनए आरोपी के डीएनए से मैच नहीं हुआ है। फिलहाल आरोपी अभी जेल में है। अब डीएनए मैच नहीं होने पर कई सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि फारेंसिक विभाग मामले पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। उधर, मंगलवार को पुलिस पूछताछ करने पीड़िता के घर पहुंची। पुलिस यह पता करने में जुटी है कि अगर यह शर्मनाक हरकत बच्ची के मामा कुल बहादुर ने नहीं की तो असली आरोपी कौन है। सूत्रों के अनुसार जिस जगह 10 वर्षीय नाबालिग रहती है उसके अगल बगल में तीन मकान हैं। ऐसे में पुलिस आस पड़ोस के लोगों से भी पूछताछ करेगी।

फारेंसिक लैब की रिपोर्ट पुलिस ने कोर्ट में पेश की, जिसमें डीएनए रिपोर्ट मैच न होने का जिक्र है। अदालत ने मामले की जांच अधिकारी प्रतिभा सिंह को पेश होने के लिए कहा था, लेकिन बीमार होने के कारण वह मंगलवार को पेश नहीं हो सकी। उन्होंने कोर्ट में पेश होने के लिए समय मांगा है। माल खाना मुंशी ने दस्तावेज कोर्ट को दिखाए। मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी। हमारे पास अभी सीएफएसएल की रिपोर्ट नहीं आई है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कह पाएंगे। रिपोर्ट के बाद ही जांच की जाएगी।

13 जुलाई 2017 को 10 साल की बच्ची के पेट में दर्द होने पर परजिन उसे अस्पताल ले गए। वहां जांच के बाद पता चला कि बच्ची छह माह से ज्यादा टाइम की गर्भवती है।

(शेष पृष्ठ ३ पर)

राम रहीम का ड्राइवर और आईटी हेड गिरफ्तार

चंडीगढ़, १३ सितम्बर। रेप केस में 20 साल की सजा काट रहे राम रहीम की करतूतों का पर्दाफाश करने वाला पुख्ता सबूत पुलिस के हाथ लग गया है। पुलिस सिरसा डेरा में लगे 5000 सीसीटीवी कैमरों को रिकॉर्ड करने वाली हार्ड डिस्क को बरामद कर लिया है। इसके साथ ही डेरा के आईटी हेड विनीत और ड्राइवर हरमेल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, सिरसा डेरे में सर्च ऑपरेशन चला रही पुलिस के हाथ 5000 सीसीटीवी कैमरों को रिकॉर्ड करने वाली हार्ड डिस्क लग गयी है। इसमें राम रहीम के जेल जाने से पहले तक का हर रिकॉर्ड है। यहां तक की बाबा के महल के अंदर की गतिविधियां भी इसमें रिकॉर्ड हैं। हार्ड डिस्क को डेरा हेडक्वार्टर से दूर खेत में बने टॉयलेट से बरामद किया गया। पुलिस ने डेरा सच्चा सौदा के आईटी हेड विनीत को गिरफ्तार कर लिया। वह फरीदाबाद का रहने वाला है। उस पर 25 अगस्त को हुई हिंसा के दौरान सिरसा के मिल्क प्लांट और शाहपुर बेगू के बिजलीघर में आग लगाने, सरकारी कामकाज में बाधा डालने और देशद्रोह का मामला भी दर्ज है। पुलिस ने उससे डेरे से संबंधित कई जानकारियां भी हासिल की हैं।

हरियाणा के डीजीपी बीएस संधु ने बताया कि 25 अगस्त को राम रहीम के साथ पंचकुला तक पहुंची करीब 170 गाड़ियों में से पुलिस ने 65 को कब्जे में ले लिया गया है। पंचकुला की सीबीआई अदालत से राम रहीम भगाने की कोशिश करने में पंजाब पुलिस के 8 जवान शामिल थे, उनमें से 3 को गिरफ्तार कर लिया गया है।

(शेष पृष्ठ ३ पर)

प्रद्युम्न हत्याकांड की गुत्थी और उलझी

फॉरेंसिक टीम पहुंची रायन स्कूल

नयी दिल्ली, १३ सितम्बर। गुरुग्राम के रायन इंटनैशनल स्कूल में हुए 7 साल के प्रद्युम्न की हत्या की गुत्थी उलझती जा रही है। पुलिस की थिअरी पर उठ रहे सवालों के बीच बुधवार को फॉरेंसिक साइंस लैबरेटरी की टीम ने रायन स्कूल जाकर सबूत जुटाने की कोशिश की। पुलिस ने इस माामले में आरोपी बनाये गये बस के कंडक्टर अशोक के डीएनए सैंपल जांच के लिए करनाल के लैब में भेजे हैं। पुलिस ब्लड टेस्ट के साथ ही पोटेंसी (मर्दानगी) टेस्ट भी करवा रही है। बता दें कि पूरे देश को हिलाकर रखने वाले इस मामले की अब तक की जांच में हत्या का उद्देश्य सामने नहीं आया है।

आरोपी कंडक्टर अशोक पुलिस की गिरफ्त में है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि अशोक ने अगर हत्या की है, तो इसकी वजह क्या थी। पुलिस इस ऐंगल से जांच आगे बढ़ा रही है। मंगलवार को प्रद्युम्न की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट भी आ गयी और उसमें साफ है कि उसके साथ यौन अपराध नहीं हुआ था। इससे हत्या के मकसद को लेकर गुत्थी और उलझ गयी है। मंगलवार को पुलिस ने बताया कि स्कूल की सुरक्षा में कमियों को देखते हुए इस मामले में रायन इंटरनैशनल स्कूल से जुड़े अन्य अधिकारियों को भी गिरफ्तार किया जा सकता है।

रायन के भोंडसी कैंपस के पूर्व प्रिंसिपलों से पूछताछ के लिए पुलिस की टीम केरल भेजी गयी है। रायन के भोंडसी कैंपस के अधिकारियों ने जांचकर्ताओं से कहा था कि स्कूल में सुरक्षा पुख्ता करने और कई और बदलाव करने के लिए कई बार मांग की जा चुकी है, लेकिन मैनेजमेंट की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। इसी बीच आरोपी कंडक्टर अशोक का पोटेंसी टेस्ट करवाया गया। पुलिस को शक है की उसने प्रद्युम्न के साथ दुष्कर्म की कोशिश की होगी और उसके विरोध करने पर हत्या कर दी गयी होगी।